सम्राट चौधरी ने सपरिवार मनायी दीपावली

नीतीश कुमार ने बेटे के साथ जलाये दीये, तेजप्रताप ने सजायी रंगोली

पटना (निप्र)। राजधानी पटना में दीपावली का पावन पर्व बेहद उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर राज्य के तमाम दिग्गज नेताओं ने अपने-अपने आवास पर दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव की खुशियां साझा कीं और प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीपावली के अवसर पर सपरिवार 1, लोक सेवक आवास पर संध्या के समय विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक तरीके से रंगोली बनाई और दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। उन्होंने इस पावन पर्व पर बिहार सहित पूरे देश में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।





उधर, दीपोत्सव की इस पावन संध्या पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पटना स्थित 5 देशरत्न मार्ग और 7 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर दीप जलाए। परिवार के साथ दीपावली का यह पर्व बड़े ही आत्मीय माहौल में मनाया गया।इस कड़ी में जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने भी दीपावली के मौके पर अपने सरकारी आवास पर रोशनी और दीयों के बीच पर्व का आनंद लिया। उन्होंने भी इस अवसर पर सभी देश और प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

नवजात की मौत पर सड़क जाम, हंगामा

पटना सिटी (आससे)। आलमगंज थाना के त्रिपोलिया अस्पताल में भर्ती दीदारगंज थाना के पूनाडीह पंचायत के निजामपुर गांव निवासी अमित कुमार यादव के डेढ़ माह के पुत्र शिव कुमार की मौत के बाद परिवार के सदस्यों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। हंगामा पर उतर लोगों का आरोप है कि उपचार में लापरवाही व कोताही बरती गयी है. इस कारण से नवजात की मौत हो गयी। इस संबंध में अस्पताल के प्रबंधक सिस्टर रीता ने बताया कि निमोनिया पीड़ित नवजात को बीते शनिवार सात नवंबर को उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था,.इलाज में कोताही नहीं बरती गयी है, सोमवार को उपचार के क्रम में उसकी मौत हो गयी। सड़क जाम व हंगामा की सूचना पाकर मौके पर आलमगंज थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर पहुंचे और समझा -बुझा कर सड़क जाम हटाया।. थानाध्यक्ष ने बताया कि परिवार की ओर से लिखित नही दिया गया है, लिखित मिलने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।



सात फल एवं सब्जी दुकानों की हुई जांच

पटना (आससे)। छठ पूजा को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के खाद्य संरक्षा इकाई द्वारा राजधानी पटना के कई फल एवं सब्जी दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कई दुकानों से नमूने लिये।

पटना के आयकर गोलंबर, बोरिंग रोड चौराहा एवं कदमकुआं क्षेत्र में की गई जांच के दौरान फल एवं सब्जियों के नमूने लिये यगे एवं प्रतिष्ठानों की खाद्य अनुज्ञप्ति की स्थिति की पड़ताल की गई। पड़ताल में पांच प्रतिष्ठानों में अनुज्ञप्ति नहीं पायी गयी। दो अन्य विक्रेताओं को वैध फूड लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

फल एवं सब्जी दुकानों की जांच और खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के निर्देश उपभोक्ताओं तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ऐसी जांच से खाद्य कारोबारियों में नियमों के प्रति जागरूकता एवं जवाबदेही बढ़ती हैं।

अगलगी की छह घटनाओं में लाखों का नुकसान

पटना सिटी (आससे)। आगलगी की छह घटनाओं में लाखों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में. फायर अफसर अजय कुमार शर्मा ने बताया कि बाइपास थाना के रानीपुर पैजाबा के निकट आयरन गोदाम मे रविवार की रात आग लग गयी थी. आगलगी का कारण स्पष्ट नहीं है,. आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आगलगी होगी।. फायर अफसर ने बताया कि दस यूनिट मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। इस संबंध में पीड़ित अर्पित अग्रवाल ने बताया कि आग लगने से लोहे का सामान,पंखा व कार्टून में पैक सामान जल गया। सुल्तानगंज थाना के महेंद्रू स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप घर में आग लग गयी. आगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. फायर अफसर ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर दस फायर यूनिट भेजी गयी। फायर अफसर ने बताया कि आग में सिलिंडर भी ब्लास्ट हुआ था. इसके बाद भी आग को बुझा दिया गया।. पीड़ित मनोज कुमार सरोज ने फायरकर्मियों को बताया कि आगलगी की घटना में पांच फ्रीज,स्टेशनरी,घरेलू सामान व किराना सामान जल गया है. जिसने आग को बुझाया. पीड़ित मनोज कुमार सरोज ने फायरकर्मियों को बताया कि आगलगी की घटना में पांच फ्रीज, स्टेशनरी,घरेलू सामान व किराना सामान जल गया है. जिसने आग को बुझाया. पीड़ित अर्पित अग्रवाल ने बताया कि आग लगने से लोहे का सामान,पंखा व कार्टून में पैक सामान जल गया। सुल्तानगंज थाना के महेंद्रू स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप घर में आग लग गयी. आगलगी का कारण शॉर्ट जयशंकर के अनुसार कुर्सी,टेबल,फ्रीज जल गये।. चौक थाना के हरिमंदिर गली स्थित कॉस्मेटिक दुकान में आग लग गयी. पीड़ित राजू जायसवाल ने बताया कि दो कार्टन चूड़ी जल गया।. मालसलामी थाना के मारूफगंज स्थित मसाला गोदाम में आग लग गयी. पीड़ित राहुल ने ने बताया कि बोरा तेजपता व 25 बोरा हल्दी जल गया.



जलाये दीप, छोड़े पटाखे, मनायीं खुशियां

पटना (आससे)। दीपों से जगमगा उठी राजधानी दीपोत्सव के उल्लास में। सांयकाल से मध्यरात्रि तक पटाखों से गुंजायमान रही राजधानी। इस बीच श्री गणेश लक्ष्मी पूजा, महाकाली पूजा अर्चना, निशीथि पूजा

भैया दूज, चित्रगुप्त पूजा कल

सर्वत्र सम्पन्न हुई। जीवन के अंधकाररूपी अज्ञान को दूर करने का संकल्प दिलाने आयी दिपावली। दीप जलाकर अपने जीवन में व्याप्त अज्ञान अंधकार को दूर करने का संकल्प लेते हैं।

यह भी बताया गया है कि आधी रात के बाद मां लक्ष्मी भ्रमण करती हैं। मां लक्ष्मी ने भ्रमण किया अपने रहने योग्य स्थान को देखा और चली गयीं।

मां लक्ष्मी की कृपा उस भक्त को प्राप्त होगी, जो मां लक्ष्मी के पात्र होंगे। उसकी पात्रता के लिए मां लक्ष्मी ने कहा उसे सच्चरित्र सदाचारी होना चाहिए।

लक्ष्मी पूजा करके उन्नत चरित्र निर्माणके मार्ग में प्रवृत्त होने की चेना जगा गयी दीपावली।

आज बलि प्रतिपदा, गोवर्द्धन पूजा



का उत्सव मनाया गया। आज मंगलवार को दोपहर बाद २ बजे आरंभ होगी कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि। इसलिए उदयातिथि द्वितीया में मनाया जाएगा भातृ द्वितीया, भैया दूज कल ११ नवंबर को मनाया जायेगा। इसी दिन को यम द्वितीया के नाम से भी अभिहित किया गया है।

इस संबंध में एक कथा प्रसंग है कि यमी अपने भाई यम को अपने यहां आमंत्रित करती थी किन्तु यम नहीं आते थे। एकबार इसी कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमी के घर जाना हुआ। यमी ने भोजन कराया, शुभकामना व्यक्त की।

यकमराज ने बहन के आतिथ्य से प्रसन्न होकर वरदान दिया जो भाई इस पावन तिथि को बहन के घर जाएगा और बहन के यहां भोजन करता है तो उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। यह आस्था आज भी अटूट है। भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना सहित कलम दवाल की पूजा होगी चित्रगुप्ता पूजा में।

गुमशुदा



यह सूचित करना है कि 01.11.2026 को दोपहर मेरी मां श्रीमती सावित्री देवी, उम्र-80 वर्ष, पति स्व. कर्मवीर सिंह बिना किसी को कुछ बताये घर से निकल गयी है। कैमरे वीडियो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि वह 01 बजकर 23 मिनट पर निकली है। वह गुलाबी रंग का फुल स्वेटर और मैरून रंग की छीट साड़ी पहनी हुई है। काफी खोजने का प्रयास किया जा रहा है कोई जानकारी नहीं मिल रहा है। इनका रंग गोरा एवं लंबाई करीब 5 फीट है।

इनके संबंध में कोई जानकारी मिले तो कृपया नजदीकी थाना में या मोबाइल नंबर **8789620812/9955606479** पर सूचित करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

अशोक कुमार
मातृप्रभा, सरस्वती विहार, दीपनगर, रोड नं.-4
पटना-8, मोबाइल नं.-8789620812

पूर्व मध्य रेल

ई-खुली निविदा सूचना

ई-खुली निविदा सूचना सं. : एस एंड टी/सोन/ई-खुली निविदा/26-27/44, दिनांक-05.11.2026
मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम तिथि **30.11.2026** को **12.00** बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट-**www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है। **ई-निविदा सं. : एस & टी/सोन/ई-खुली निविदा/ 26-27/44**
क्र.सं. : 1. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : सोनपुर मंडल में मौजूदा लेवल क्रॉसिंग (LC) के अलाइनमेंट पर ROB के निर्माण के सिलसिले में, 5 अस्थायी मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग (डायवर्जन पर) उपलब्ध कराने से जुड़ा S&T का काम। **अनुमानित लागत (रू. में):** 39,34,416.26 **बयाने की राशि (रू. में):** 78,700.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 0.00/- **समापन अवधि :** एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 06 (छः) माह तक। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। दिनांक 05.11.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार:- किसी भी निविदा को स्थगित करने /निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर,
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर
पीआर/1292/एसईई/एसएण्डटी/टी/26-27/40

आतिशबाजी एवं पटाखे से 100 मरीज हुए घायल

(आज समाचार सेवा)
पटना। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी और पटाखों के कारण राजधानी के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लगभग 100 से ज्यादा मरीज घायल हुए हैं। जिसमें पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आईजीआईएमएस समेत अन्य अस्पतालों में बड़ी संख्या में गंभीर मरीज भर्ती हुए हैं। जिनका इलाज चल रहा हैं। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधीक्षक डा.राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली को लेकर अस्पताल में बेड रिजर्व कर दिया गया था। चिकित्सकों, नर्स एवं पारा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति भी कर दी गई हैं। दीपावली के दिन आतिशबाजी एवं पटाखे से जले हुए 48 मरीज भर्ती हुए हैं। जिनमें एक मरीज को गोली लगी हुई थी।इसके अलावा 20 मरीज सर में चोट से ग्रसित, 11 मरीज हुआ एवं 16 मरीज सड़क दुर्घटना में घायल भर्ती हुए हैं। जिनका इलाज विशेष निगरानी में चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि कुछ मरीज को ओपीडी में इलाज कर डिस्चार्ज कर दिया गया हैं, लेकिन कुछ मरीज अभी भी इमरजेंसी में भर्ती हैं। जिनका इलाज चल रहा हैं।

वहीं, आईजीआईएमएस के उपनिदेशक डा.विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि शनिवार से लेकर सोमवार की शाम तक कुल पटाखें से 25 मरीज भर्ती हुए हैं। जिनमें 11 मरीज गंभीर रूप से घायल है, जिनका इलाज चल रहा हैं। वहीं, 14 मरीज ओपीडी में इलाज कर छुट्टी दे दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से घायल तीन मरीज भर्ती हुए हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा हैं।

पीएमसीएच में 48 आईजीआईएमएस में 25 मरीज हुए भर्ती

पिता- पुत्र को गोली मारने में आठ गिरफ्तार

पटना सिटी (आससे)। दीदारगंज थाना के हीरानंद पुर गांव में जमीन विवाद में शनिवार को पिता द्वारिका सिंह तीन पुत्र सुधीर कुमार,कौशल कुमार व भोला कुमार को गोली मार घायल करने में पुलिस ने आठ को गिरफ्तार किया है।.इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सुरेंद्र, रौशन सन्नी, अरुण, रंजीत के अलावा गार्ड अभिषेक व हाकिम गिरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बाउंसर का दो नाली बंदूक और 18 कारतूस भी बरामद किया गया है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

बैच संख्या: 32/26, दिनांक: 06.11.26
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदा का आमंत्रण किया जाता है-:
क्रम संख्या : 1, निविदा संख्या : 11264865, **संक्षिप्त विवरण** : इनहिबिटेड मिनरल इन्सुलेटिंग आयल शैल, **मात्रा** :150150 ली0, **निविदा खुलने की तिथि** : 04.12.26, **निविदा खुलने का समय :14.00, क्रम संख्या : 2, निविदा संख्या** : 04260060ए, **संक्षिप्त विवरण** : कंट्रोल आर्मस, **मात्रा** : 326 सेट, **निविदा खुलने की तिथि** : 24.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 3, निविदा संख्या** : 0726आरजीसी-सीजी आरएसपी6618, **संक्षिप्त विवरण** : रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ 6.2 एमएम शीक कम्पोजिट ग्रुव्ड रबर सोल प्लेट, **मात्रा** : 7600000 नग, **निविदा खुलने की तिथि** : 04.12.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 4, निविदा संख्या** : 0626 आरजीसी 480एफसी, **संक्षिप्त विवरण** : रनिंग कान्ट्रैक्ट ऑफ 48 ओएफसी, **मात्रा** : 4000 कि. मी., **निविदा खुलने की तिथि** : 30.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 5, निविदा संख्या** : 0624आरजीसी-क्यूएन1, **संक्षिप्त विवरण** : रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ रिले नन एसी इम्यून, प्लग इन टाईप, स्टाइल क्यूएन 1, डीसी न्यूट्रल लाइन, 24वी, 8एफ/8बी एण्ड 12एफ/4बी कान्ट्रैक्ट्स, **मात्रा** : एज पर टेन्डर सिड्यूल, **निविदा खुलने की तिथि** : 30.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 6, निविदा संख्या** : 032601450, **संक्षिप्त विवरण** : ब्लेंडर कार्ड मोड्यूल असेम्बली फॉर ई70 ब्रेक सिस्टम, **मात्रा** : 59 नग, **निविदा खुलने की तिथि** : 30.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 7, निविदा संख्या** : 03264982, **संक्षिप्त विवरण** : ओवरहॉलिंग किट फॉर कंट्रोल पोर्शन बीपी (787321-1994) ऑफ इलेक्ट्रीक सीसीबी सिस्टम, **मात्रा** : 48 सेट, **निविदा खुलने की तिथि** : 30.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 8, निविदा संख्या** : 07265121, **संक्षिप्त विवरण** : 1 इन 12 ओवर राइडिंग टर्नआउट फॉर 1 इन 12 कास्ट मैंगनीज स्टील क्रॉसिंग बी. जी, **मात्रा** : 92 सेट, **निविदा खुलने की तिथि** : 26.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 9, निविदा संख्या** : 11 आरजीसी-एफई-26, **संक्षिप्त विवरण** : सप्लाई ऑफ स्टेनलेस स्टील फायर एक्सटिंगुइशर वीद एंटी-थेफ्ट मैकेनिज्म, **मात्रा** : 10000 नग, **निविदा खुलने की तिथि** : 07.12.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 10, निविदा संख्या** : 10265011, **संक्षिप्त विवरण** : प्रोक्योरमेंट ऑफ एयर ब्रेक सेट (ट्विन पाईप) फॉर बीवीसीएम वैगन, **मात्रा** : 100 सेट, **निविदा खुलने की तिथि** : 30.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 11, निविदा संख्या** : 08265044, **संक्षिप्त विवरण** : डेस्कटॉप सिम्युलेटर फॉर थ्री फेज इलेक्ट्रीक लोकोमोटिव/वंदे भारत ट्रेन सेट/इएमयू/एमइएमयू, **मात्रा** : एज पर टेन्डर सिड्यूल, **निविदा खुलने की तिथि** : 14.12.26, **निविदा खुलने का समय :14.00., क्रम संख्या : 12, निविदा संख्या** : 1426आरसी03, **संक्षिप्त विवरण:** अन-इंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर 65 स्क्वेयर एमएम (19/2.10 एमएम), **मात्रा** : 511 एमटी, **निविदा खुलने की तिथि** : 30.11.26, **निविदा खुलने का समय :14.00.**
नोट : उपर्युक्त सभी निविदाएं ई-टेंडर हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं के सभी संशोधन भी केवल IREPS वेबसाइट पर ही ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएंगे। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।
स.सा.प्रबंधक सह-सचिव प्र.मु.सा.प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर
पीआर/1294/एचक्यू/मंडार/टी/26-27/92

फाईब्रोस्कैन
50% की छूट
सीमित अवधि के लिए
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।


फाइब्रोस्कैन के फायदे
☑ बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
☑ तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
☑ सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नही)
☑ सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
☑ तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)
लिवर को जानें, समय पर रोकें

सामान्य लिवर

सिरोसिस
DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186


PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course
MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

सत्यमेव जयते
उपभोक्ता मामले विभाग
मानकः पथप्रदर्शकः
भारतीय मानक ब्यूरो
भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय
ब्रांड की जांच ✓
फीचर्स की जांच ✓
सुरक्षा ??? ✓


IS ---------- R - XXXXXXXX
बीआईएस चिह्न
जांच अवश्य करें
बीआईएस गुणवत्ता चिह्न की प्रामाणिकता की जांच कैसे करें?
बीआईएस केयर ऐप
डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
Google Play App Store


'R-Number सत्यापित करें' पर क्लिक करें।


पंजीकरण संख्या दर्ज करें।
उत्पाद की सुरक्षा से संबंधित शिकायत दर्ज करने या बीआईएस चिह्न के दुरुपयोग की शिकायत करने के लिए 'शिकायतें' सुविधा का उपयोग करें।
हमें फॉलो करें @Indianstandards
CBC 08103/13/0007/2627